देश-विदेश

www.rajexpress.com

राज एक्सप्रेस
शनिवार, 20 जून 2026

रात भर चला भीषण युद्ध, यूएस उपराष्ट्रपति वेंस ने स्विट्जरलैंड का दौरा टाला

इजराइल का लेबनान पर बड़ा हमला, 18 की मौत

हिज्बुल्लाह के हमले में इजराइल के चार सैनिक मारे गए

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

इजराइल और लेबनान के बीच एक बार फिर जंग तेज हो गई है। रात भर हुई लड़ाई में इजराइल के 4 सैनिक मारे गए, जो ईरान समर्थित गुट हिज्बुल्लाह की तरफ से इस जंग में किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक माना जा रहा है। वहीं इजराइल के हमलों में लेबनान में कम से कम 18 लोग मारे गए हैं।

ये हालात उस वक्त बने हैं जब अमेरिका और ईरान के बीच पूरी जंग रोकने के लिए एक डील हुई है, लेकिन लेबनान में बढ़ती हिंसा इस डील को खतरे में डाल रही है। इसी बीच अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने स्विट्जरलैंड का अपना दौरा भी टाल दिया है, जहां ईरान के साथ अगले दौर की वार्ता होनी थी।

दक्षिणी लेबनान में इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच रात भर जोरदार लड़ाई चली। इजराइल के 4 सैनिक मारे गए, जिनमें एक लेफ्टिनेंट कर्नल भी शामिल था। एक ड्रोन हमले में 5 और सैनिक घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि आधी रात से अब तक 11 कस्बों में हुए भारी हवाई हमलों में 18 लोग मारे गए और 33 घायल हुए। बमबारी की वजह से लोगों को बचाने और निकालने का काम भी नहीं हो पा रहा है।

मरने वालों की गिनती अभी और बढ़ सकती है। सबसे ज्यादा तबाही टायर शहर के पास हारौफ गांव में हुई, जहां 7 लोग मारे गए और कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। वहीं फ्रांस ने अमेरिका से कहा है कि वो इजराइल पर दबाव डाले कि लेबनान में लड़ाई बंद हो।

हिज्बुल्लाह के लड़ाकों पर किया हमला

इजराइल का कहना है कि उसने हिज्बुल्लाह के लड़ाकों और ठिकानों पर हमले किए हैं, क्योंकि हिज्बुल्लाह बार-बार सीजफायर तोड़ रहा था। लेबनान की सरकारी न्यूज एजेंसी एनएनए के मुताबिक, टायर और बिंत जबील के दक्षिणी इलाकों से बड़ी संख्या में लोग घर छोड़कर उत्तर की तरफ भाग रहे हैं। रात की सबसे बड़ी लड़ाई लितानी नदी के उत्तर में अली अल-ताहेर नाम की पहाड़ी पर हुई। ये ऊंची जगह हिज्बुल्लाह के लिए बहुत अहम है और इजरायल यहां आगे बढ़ना चाहता था। हिज्बुल्लाह ने बताया कि उसके लड़ाकों ने इजरायली फौज पर घात लगाकर हमला किया, गाइडेड मिसाइलों से 3 मरकवा टैंक तबाह कर दिए और रॉकेट व तोप से सैनिकों को निशाना बनाया।

मंत्रियों का गुस्सा फूटा

अमेरिका और ईरान की डील से इजरायल बहुत नाराज है। इजराइल का कहना है कि ये डील ईरान के एटमी प्रोग्राम पर पूरी रोक नहीं लगाती और लेबनान में इजराइल की सैन्य कार्रवाई पर पाबंदी लगाती है। इजराइल के दक्षिणपंथी मंत्री इतमार बेन-ग्विर और बेजालेल स्मोट्रिच ने 4 सैनिकों की मौत के बाद बदले की भाषा बोली। बेन-ग्विर ने एक्स पर लिखा कि ''हर इजराइली मां के एक आंसू के बदले हजार लेबनानी माओं को रोना चाहिए। पूरा लेबनान जलना चाहिए। वहीं स्मोट्रिच ने लिखा कि अब नर्क के दरवाजे खोलन का वक्त आ गया है। एक बड़े इजराइली अधिकारी ने बताया कि इजरायल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन से जिद्दी बातचीत कर रहा है ताकि वो दक्षिणी लेबनान के अंदर 10 किमी (6 मील) तक अपनी फौज रख सके।

मेरी शक्तियों की कोई सीमा नहीं... ट्रम्प ने खुद को बताया हिटलर-नेपोलियन से भी ज्यादा ताकतवर

नई दिल्ली, (आरएनएन)। यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान के साथ जंग शुरू होने के बाद से उन्हें अपनी पावर की कोई लिमिट नहीं दिखी है। जल्द ही आने वाली एक किताब से पता चलता है कि उनके दिमाग में इससे भी बड़ा विचार चल रहा है, वे खुद को इतिहास का सबसे शक्तिशाली व्यक्ति मान रहे हैं। माना जा रहा है कि ट्रम्प अब केवल राष्ट्रपति पद की सीमाओं को नहीं परख रहे हैं। वह ताकत को विश्व-इतिहास के नजरिए से देख रहे हैं। एक इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि अगर मैं न होता, तो आज इजरायल का अस्तित्व ही नहीं होता। उन्होंने जोड़ा कि पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ उनके संबंध अच्छे हैं, लेकिन हमें उन्हें थोड़ा समझदार बनाए रखना होगा। ट्रम्प ने ईरान डील पर भड़के रिपब्लिकन हॉक्स के प्रति भी ऐसा ही रुख अपनाया, उन्होंने कहा कि कुछ लोग जिनकी मैं कभी रिस्पेक्ट करता था, अब नहीं करता। वे हार्डलाइनर्स हैं। एक्सियोस के मार्क कैपुटो के साथ जल्द ही रिलीज होने वाले 45 मिनट के इंटरव्यू में ट्रंप ने बार-बार पावर को सामने वाले के झुकने से मापा है। जी7 लीडर्स ने उनकी बात का भरोसा कर लिया जब उन्होंने मजाक में कहा मैं बॉस हूं। वहीं ट्रम्प ने बताया कि इजराइल के मन में उनके लिए बहुत रिस्पेक्ट है और वह वही करेगा जो मैं कहूंगा। एनवायटी की मैगी हैबरमैन और जोनाथन स्वान की मंगलवार को आने वाली किताब रिजीम चेंज में डोनाल्ड ट्रंप गर्व से एक दस्तावेज दिखाते हैं जिसमें तर्क दिया गया है कि वह अटिला द हुन, चंगेज खान, नेपोलियन, स्टालिन, माओ और हिटलर से भी ज्यादा शक्तिशाली हैं।

भारत की घेराबंदी करने यूएन की चौखट पर पाक

सिंधु जल करार के निलंबन को लेकर लगाई गुहार

● नई दिल्ली / आरएनएन

पाक बार फिर भारत के खिलाफ यूएन पहुंच गया है। पाक के डिप्टी पीएम इशाक डार ने यूएनएससी से अपील की है कि वो भारत पर ध्यान दे। पाक का आरोप है कि भारत सिंधु जल डील का उल्लंघन कर रहा है।

पाक चाहता है कि यूएनएससी इस मामले में दखल दे और भारत को रोके। सिंधु जल करार 1960 में हुआ था। इसे विश्व बैंक ने करवाया था। इस डील का मकसद ये था कि भारत-पाक आपस में सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों का पानी कैसे बांटेंगे, इसका हिसाब किताब तय हो जाए। यानी कौन सी नदी का पानी किसे मिलेगा, कौन कितना इस्तेमाल करेगा। ये सब इसी डील से तय होता आ रहा था। 1960 से लेकर अब तक यही समझौता दोनों देशों के बीच पानी के बंटवारे को कंट्रोल करता रहा है। अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु वाटर डील को सस्पेंड कर दिया।

पाक ने यूएनएससी में क्या किया – पाक के यूएन में स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद ने ये बात बताई। उन्होंने यूएनएससी की अध्यक्ष लियोनोर जलाबाटा टोरेस को इशाक डार की तरफ से एक चिट्ठी सौंपी है। इस चिट्ठी में पाक ने अपनी चिंताएं लिखकर भेजी हैं। असीम इफ्तिखार ने एक्स पर एक पोस्ट भी डाली। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा कि ये चिट्ठी यूएनएससी का ध्यान दो खास प्रोजेक्ट्स की तरफ खींचती है। ये दोनों प्रोजेक्ट्स चिनाब नदी से जुड़े हुए हैं। यानी पाक का कहना है कि भारत चिनाब नदी पर जो दो प्रोजेक्ट बना रहा है।

राजधानी (न्यू बॉम्बे)

दिन	पूर्व रात
167=4	257=4
257=4	245=1

www.kalyangame.com

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT
Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456010, Madhya Pradesh
Phone : (0734) 2527071

E-mail: engg.uds@sanchidairy.com G.S.T. 23AAAAU0051C1ZB
क्रमांकः उ.स.दु.सं./नस्ती क्रं. 27/यॉंत्रिकी/2026/1437 दिनांकः 19.06.2026

ई–निविदा सूचना

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित उज्जैन के दुग्ध संयंत्र उज्जैन में स्थापित ई.टी.पी. (इंफ्लूयेन्ट ट्रीटमेन्ट प्लांट) संयंत्र के संचालन, समन्वय एवं रखरखाव कार्य हेतु अनुभवी फर्मों से म.प्र. ई टेण्डर के माध्यम से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रू. 1,000.00 (रू. एक हजार मात्र) ऑनलाइन (www.mptenders.gov.in पर भुगतान कर दिनांक 20.06.2026 से क्रय की जा सकती है। निविदा प्रपत्र मध्यप्रदेश दुग्ध महासंघ की वेबसाइट (www.sanchidairy.com/www.sanchiujjain.com) पर भी देखा एवं पढ़ा जा सकता है। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 10.07.2026 दोपहर 2:00 बजे तक है। समस्त निविदा अथवा एक निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन के पास सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना केवल ऑनलाइन ही जारी की जायेगी।

क्रमांक	विवरण	अमानत राशि विवरण	निविदा प्रपत्र क्रय राशि
01	दुग्ध संयंत्र उज्जैन में स्थापित ई.टी.पी. (इंफ्लूयेन्ट ट्रीटमेन्ट प्लांट) संयंत्र के संचालन, समन्वय एवं रखरखाव कार्य	रू. 10,000.00 (रू. दस हजार मात्र)	रू. 1,000.00 (रू. एक हजार मात्र)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

कोविड वैक्सीन लगवाने से हार्ट अटैक का खतरा कम होता है

नई रिसर्च में मिला जवाब

वॉशिंगटन, आरएनएन। हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों को लेकर लोगों का एक सबसे बड़ा सवाल उठ रहा था कि क्या कोरोना वैक्सीन लगवाने के बाद इन मामलों में बढ़ोतरी हुई है? क्या कोविड वैक्सीन लगवाने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है? अब नई रिसर्च में काफी हद तक इसका जवाब मिल गया है। जामा इंटरनल मेडिसिन पर इस हफ्ते एक नई रिसर्च पब्लिश हुई है, जिसमें दिल से जुड़ी बड़ी दिक्कतों (एमएसीई) और कोविड-19 वैक्सीन के बीच के संबंध को देखा गया है। एमएसीई (मेजर एडवर्स कार्डियोवैस्कुलर इवेंट) में हार्ट अटैक, इस्केमिक ब्रेन स्ट्रोक, हार्ट फेलियर और दिल की बीमारी से होने वाली मौतें जैसी परिस्थितियां शामिल होती हैं। यह जानकारी जामा नेटवर्क पर मौजूद रिसर्च में दी गई है। रिपोर्ट आगे कहती है कि कोविड इंफेक्शन के निदान के बाद कार्डियोवैस्कुलर फंक्शन से जुड़ी इन दिक्कतों के खतरे में काफी बढ़ोतरी देखी जाती है।

हार्ट अटैक के खतरे में दिखी कमी : कोविड वैक्सीन लगवाने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता नहीं है, बल्कि कम होता है। इस बड़ी स्टडी से निष्कर्ष निकला कि जिन लोगों ने 2024 से 2025 के बीच कोविड–19 वैक्सीन लगवाई थी, उनके अंदर कोविड–19 से जुड़े एमएसीई का खतरा कम देखा गया है। यह अध्ययन 75 वर्ष या उससे बुजुर्ग उन लोगों पर किया गया, जो दूसरी बड़ी बीमारियों को भी झेल रहे थे। क्योंकि इनके ऊपर अधिक खतरा मंडराता रहता है। कोविड वैक्सीनेशन लगवाने के 8 महीने बाद कोविड से जुड़े एमएसीई के मामलों में 38 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।

भारत-बांग्लादेश रिश्तों पर बेवजह का हंगामा



नई दिल्ली, (आरएनएन)। गत सप्ताह दो घटनाओं को लेकर भारत और बंगलादेश के बीच सोशल मीडिया पर खूब हंगामा बरपा, हालांकि इस घटनाओं का आपस में कोई सीधा संबंध नहीं था। इन घटनाओं से पता चला कि दोनों तरफ से अच्छी नीयत होने के बावजूद रिश्ते कितने जज़्बाती बने हुए हैं। पहली घटना बांग्लादेश में भारत के नये उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी से जुड़ी थी। सरकारी कूटनीति के आम तौर पर अपनाए जाने वाले औपचारिक तरीकों से ढाका पहुँचने के बजाय त्रिवेदी और उनकी पत्नी पैदल ही पेट्रापोल-बेनापोल सीमा पार करके वहाँ पहुँचे।

इसका संदेश साफ था कि एक राजनेता किसी पेशेवर राजनयिक की तरह प्रोटोकॉल की बजाय नजदीकी और राजनीति के बजाय लोगों को अहमियत देने की कोशिश कर रहा था।त्रिवेदी ने भूपेन हजारिका के एक गाने का जिक्र किया, जिसमें भारतीयों और बांग्लादेशी नागरिकों के एक ही आसमान, एक ही हवा और एक जैसे दुख साझा करने की बात कही गई है।

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT
(आई.एस.ओ.9001:2015,14001:2015 एवं 22000:2018 प्रमाणित संस्था)
म.प्र.सहकारी सोसायटीज अधिनियम 1960 के अधीन पंजीकृत संस्था
पंजीयन कृमांक बी.पी.एल./एच.ओ / 158 दिंनाक 9 /12/1977
GSTIN-23AAAAU0051C1ZB PAN No. AAAAU0051C

साँची दूध/दुग्ध उत्पाद/घी परिवहनकर्ता कार्य हेतु ई–निविदा

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत **उज्जैन दुग्ध संयंत्र से सारंगपुर** रूट पर साँची दूध/दुग्ध उत्पाद/घी के परिवहनकर्ता कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रतिभागी (इच्छुक एवं सक्षम) निविदाकार इस कार्य के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी एमपीसीडीएफ भोपाल की वेबसाइट www.sanchidairy.com या www.mptenders.gov.in से प्राप्त कर सकते है। ई–निविदा शैडयूल इस प्रकार है :–

स.क्र.	विवरण	कार्यवाही विवरण
1.	ई–निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय	दिनांक 20.06.2026 समय दोपहर 01:00 बजे www.mptenders.gov.in से रू. 500/– के मूल्य पर क्रय कर सकते हैं।
2.	ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 10.07.2026 समय दोपहर 02:00 बजे तक www.mptenders.gov.in पर
3.	ई–निविदा (ऑनलाइन) की तकनीकी अर्हता खोलने की तिथि, समय एवं स्थान	दिनांक 13.07.2026 एवं समय दोपहर 02:00 बजे से, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ कार्यालय
4.	तकनीकी रूप से सफल निविदाकारों की वित्तीय बिड खोलने की दिनांक, समय एवं स्थान	दिनांक 14.07.2026 एवं समय दोपहर 02:00 बजे से, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ कार्यालय
5.	निविदा के साथ जमा की जाने वाली अमानत (ई.एम.डी.) राशि	ईएमडी राशि 25,000/– ऑनलाइन जमा करें एवं रसीद संलग्न करें।

प्रत्येक ई–निविदा के साथ राशि रू 25,000/– की ऑनलाईन ई.एम.डी. जमा कर रसीद संलग्न करना अनिवार्य है जिसके बिना निविदा स्वतः अमान्य होगी। अधिक जानकारी दुग्ध संघ के विपणन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। यदि आवेदन प्रपत्र/प्रक्रिया में कोई सुधार/संशोधन किया जाता है तो यह केवल ऊपर दी गई वेबसाइट www.sanchidairy.com या www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित होगा। किसी अन्य माध्यम से प्रकाशित नही किया जाएगा।
किसी भी अथवा समस्त निविदा को सकारण स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन के पास निहित होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

मैलानी बोली, इटली और मैं कभी भीख नहीं मांगते

झूठी बयानबाजी पर निकाली ट्रम्प की अकड़

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क



इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बचकाने बयानबाजी की तीखी आलोचना की है। ट्रम्प ने अपने ही अंदाज में दावा किया था कि हाल ही में हुए जी7 समिट के दौरान मेलोनी ने उनसे तस्वीर खिंचवाने की मिन्नत की थी। मेलोनी ने इन बातों को पूरी तरह मनगढ़ंत बताया और सहयोगियों के साथ ट्रंप के बर्ताव पर निराशा जताई। मेलोनी ने इटालियन प्राइड को याद दिलाते हुए कहा कि न तो मैंने मिन्नतें की और न ही इटली ने। ट्रम्प और मेलोनी के बीच हुई इस सार्वजनिक बहस से उनके रिश्तों में आई बड़ी खटास का पता चलता है।

इससे पहले फ्रांस में हुए जी7 समिट के दौरान उनके तनावपूर्ण रिश्तों में सुधार होता दिख रहा था, यह तनाव इस साल की शुरुआत में ईरान युद्ध को लेकर हुए मतभेदों के बाद पैदा हुआ है। ट्रम्प ने इटली के टीवी चैनल ला7 को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि मेलोनी शायद खुश थीं कि समिट के दौरान उन्होंने उनसे बात की।

ट्रम्प का दावा, मेलोनी ने फोटो खिंचवाने गुज़ारिश की

ट्रम्प ने आगे दावा किया कि मेलोनी ने उनके साथ एक फ़ोटो खिंचवाने की गुज़ारिश की थी। ला7 के मुताबिक ट्रंप ने कहा कि उन्होंने मुझसे अपने साथ फोटो खिंचवाने की गुज़ारिश की। वह मेरे साथ फ़ोटो खिंचवाने के लिए बहुत बेताब थीं। मैं फोटो नहीं खिंचवाता, लेकिन मुझे उन पर तरस आ गया। चैनल ने इंटरव्यू का सिर्फ डब किया हुआ वर्जन जारी किया और ओरिजिनल ऑडियो पब्लिश नहीं किया है।

लद्दाख में कूड़ा व डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैन

श्रीनगर, आरएनएन। लद्दाख के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने पूरे लद्दाख में डिस्पोजेबल प्लास्टिक का इस्तेमाल करने या बेचने और कूड़ा फेंकने पर सख्त प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। अब अगर कोई भी व्यक्ति या व्यावसायिक जगह और होटल या खाने की जगह जैसी संस्थाएं डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैन का उल्लंघन करती पायी जायेंगी, तो उन पर 10,000 रुपये का दंड लगाया जायेगा, जबकि कूड़ा फेंकने पर 5,000 रुपये का दंड लगेगा।

लेह हवाईअड्डा और लद्दाख के प्रवेश द्वार पर डिस्पोजेबल प्लास्टिक की जांच की जाएगी। एलजी का पर्यावरण को सुरक्षित करने व लद्दाख के नाजुक हिमालयी इकोसिस्टम को बचाने की दिशा में यह एक मजबूत और अहम कदम है, जो खतरनाक डिस्पोजेबल प्लास्टिक और खुले में कूड़ा फेंकने, खासकर पर्यटन स्थल के आसपास की वजह से चुनौतियों का सामना कर रहा है।

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT
(आई.एस.ओ.9001:2015,14001:2015 एवं 22000:2018 प्रमाणित संस्था)
म.प्र.सहकारी सोसायटीज अधिनियम 1960 के अधीन पंजीकृत संस्था
पंजीयन कृमांक बी.पी.एल./एच.ओ / 158 दिंनाक 9 /12/1977
GSTIN-23AAAAU0051C1ZB PAN No. AAAAU0051C

साँची दूध/दुग्ध उत्पाद/घी परिवहनकर्ता कार्य हेतु द्वितीय ई–निविदा

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत निम्नानुसार मार्गो पर साँची दूध/दुग्ध उत्पाद/घी के परिवहनकर्ता कार्य हेतु द्वितीय ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

क्र.	मार्ग का नाम	अनुमानित दूरी (आना–जाना)	आव यक क्रेट क्षमता का वाहन
1	डेयरी संयंत्र उज्जैन से कायथा, तराना, रूपाखेड़ी, माकड़ौन, चौमा, मो. बड़ोदिया मार्ग	234	200
2	डेयरी संयंत्र उज्जैन से चिकली, इंगोरिया, बड़नगर, बदनावर, रूनिजा, खाचरौद मार्ग	224	200
3	डेयरी संयंत्र उज्जैन से घट्टिया, घौसला, तनोड़िया, बड़ौद, डग, चौमेला, सुवासरा, शामगढ़, गरोठ मार्ग	375	200
4	डेयरी संयंत्र उज्जैन से शाजापुर मार्ग	118	300
5	डेयरी संयंत्र रतलाम से जावरा, कालुखेड़ा, ताल, आलोट मार्ग	250	200

प्रतिभागी (इच्छुक एवं सक्षम) निविदाकार इस कार्य के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी एमपीसीडीएफ भोपाल की वेबसाइट www.sanchidairy.com या www.mptenders.gov.in से प्राप्त कर सकते है। ई–निविदा शैडयूल इस प्रकार है :–

स.क्र.	विवरण	कार्यवाही विवरण
1.	ई–निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तीथि एवं समय	दिनांक 20.06.2026 समय दोपहर 01:00 बजे www.mptenders.gov.in से रू. 500/– के मूल्य पर क्रय कर सकते हैं।
2.	ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 04.07.2026 समय दोपहर 02:00 बजे तक www.mptenders.gov.in पर
3.	ई–निविदा (ऑनलाइन) की तकनीकी अर्हता खोलने की तिथि, समय एवं स्थान	दिनांक 06.07.2026 एवं समय दोपहर 02:00 बजे से, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ कार्यालय
4.	तकनीकी रूप से सफल निविदाकारों की वित्तीय बिड खोलने की दिनांक, समय एवं स्थान	दिनांक 07.07.2026 एवं समय दोपहर 02:00 बजे से, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ कार्यालय
5.	निविदा के साथ जमा की जाने वाली अमानत (ई.एम.डी.) राशि	ईएमडी राशि 25,000/– ऑनलाइन जमा करें एवं रसीद संलग्न करें।

प्रत्येक ई–निविदा के साथ राशि रू 25,000/– की ऑनलाईन ई.एम.डी. जमा कर रसीद संलग्न करना अनिवार्य है जिसके बिना निविदा स्वतः अमान्य होगी। अधिक जानकारी दुग्ध संघ के विपणन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। यदि आवेदन प्रपत्र/प्रक्रिया में कोई सुधार/संशोधन किया जाता है तो यह केवल ऊपर दी गई वेबसाइट www.sanchidairy.com या www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित होगा। किसी अन्य माध्यम से प्रकाशित नही किया जाएगा।
किसी भी अथवा समस्त निविदा को सकारण स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन के पास निहित होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
प्रशिक्षण केन्द्र, मक्सी रोड, उज्जैन 456010

Ref No: 1433 Dated: 19/06/2026

मैस संचालन हेतु द्वितीय ई–निविदा सूचना
Tender ID - 2026_MPCDF_516581_1

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन के प्रशिक्षण केन्द्र छात्रावास में 03 वर्ष की अवधि हेतु मैस संचालन करने के लिये प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं वित्तीय रुप से सक्षम पंजीकृत कम्पनी/फर्म/एजेन्सी से ऑनलाइन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के साथ रुपये 20,000/- ऑनलाईन ईएमडी जमा कराना अनिवार्य होगी। ईएमडी की मूल रसीद, नोटराइज्ड निर्धारित शपथ–पत्र, पेन कार्ड तथा फूड लायसेंस की स्वप्रमाणित प्रति तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा अमान्य की जावेगी।

निविदा अवधि पूर्ण होने एवं कार्य संतोषजनक होने पर आपसी सहमति से एक–एक वर्ष करके अनुबंधित अवधि में अतिरिक्त दो वर्ष तक की वृद्धि पूर्व अनुमोदित दरों एवं शर्तों पर की जा सकेगी।

कार्य विवरण	निविदा प्रपत्र की राशि रु.	निविदा फॉर्म डाउनलोडिंग की प्रारंभ दिनांक व समय	निविदा भरने की अंतिम दिनांक व समय	तकनीकी निविदा खुलने की दिनांक व समय	वित्तीय निविदा खुलने की दिनांक व समय
मैस संचालन	500.00	20.06.2026 11.00 AM	06.07.2026 01.30 PM	07.07.2026 02.30 PM	से सफल निविदाकारों को पृथक से सूचित किया जावेगा

निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण (निविदा कार्यक्रम/निविदा प्रस्तुत करने बाबत् नियम एवं शर्तें/अनुबंध की शर्तें / भाव पत्रक) मध्यप्रदेश स्टेट को–ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड, भोपाल की वेबसाईट www.sanchidairy.com पर देखा जा सकता है, तथा निविदा वेबसाईट www.mptenders.gov.in के माध्यम से भरी जा सकती है। समस्त निविदाऐं या किसी एक निविदा को निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन या शुद्धि किये जाने पर वेबसाईट में ही परिवर्तन किया जायेगा अन्य किसी माध्यम में नहीं, अतः नियमित रुप से एमपीसीडीएफ की वेबसाईट www.sanchidairy.com पर देखें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ उज्जैन

जापानी संसद तक पहुंचा गीता संदेश

चंडीगढ़, आरएनएन। जापान के टोक्यो में पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 का शुभारंभ हुआ है। महोत्सव के दौरान जापान की संसद (डाइट) के सदस्यों और प्रमुख राजनीतिक नेताओं को श्रीमद्भगवद्गीता की प्रतियां भेंट की गयीं, जिससे भारत-जापान सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को और मजबूती मिली।

GRIHUM HOUSING FINANCE Apna Ghar. Apni Pehchan.
गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय छठा तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
शाखा कार्यालय इकाईः प्रथम तल, कोटक महिंद्रा बैंक के उपर, गांधी मार्ग (एमजी रोड), शुजालपुर, मध्य प्रदेश – 465333

ई–नीलामी – बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्तियों का बिक्री

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (''अधिनियम'') के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर(यों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे अधिनियम के अनुसार आगे ''सुरक्षित लेनदार'' कहा जाएगा)** को गिरवी रखी गई हैं, जिसका कब्जा **अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत** सूचना के अनुसरण में सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है।

सुरक्षित संपत्तियाँ **''जहाँ है जैसी है'', ''जैसी है वैसी है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर 08–07–2026** को ई–नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम **https://www.bankeauctions.com** वेबसाइट पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं।

बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया GHFL/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट **www.grihumhousing.com** पर दिए गए लिंक का संदर्भ देखें।

सं. क्रं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना तिथि एवं बकाया राशि (बी)	कब्जे की प्रकृति {सी}	संपत्ति का विवरण {डी}	आरक्षित मूल्य (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि (जी)	वृद्धिशील बोली {एच}	संपत्ति निरीक्षण का दिनांक एवं समय {आई}	नीलामी की तिथि और समय {जे}	ज्ञात भार/न्यायालयीन मामले, यदि कोई हों (के)
1	लोन नंबर HL0047 14100000005028188 मोहन मीना नारायण सिंह मीना (कर्जदार) ज्योति मीना मोहन मीना (सह–कर्जदार)	नोटिस की तारीखः 10–09–2025 कुल बकायाः रू. 1122727/– (रुपये ग्यारह लाख बाईस हजार सात सौ सत्ताईस मात्र) 10–09–2025 तक देय, साथ में 12.35% प्रति वर्ष की दर से ब्याज, वसूली होने तक।	भौतिक	प्रॉपर्टी का पूरा हिस्सा ग्राम भूगोर, पी.एच. नं. 28, प्लॉट नंबर 155, लैंड सर्वे नंबर 417, ग्राम भूगोर, तहसील शुजालपुर, जिला शाजापुर (म.प्र.) में है। एरिया नापः – 720 वर्ग फुट (66.914 वर्ग मी.)। प्रॉपर्टी की बाउंड्रीः– पूर्व– कटिया की जमीन, पश्चिम– कॉलोनी का रास्ता, उत्तर– सेलर की जमीन, दक्षिण– कॉलोनी का रास्ता, राठौर कॉलोनी।	रू. 700000/– (सात लाख रुपये मात्र)	रू. 70000/– (सत्तर हजार रुपये मात्र)	07-07-2026 शाम 5 बजे से पहले	10,000/–	01-07-2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)	08-07-2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)	निरंक

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएँ, अपनी स्वयं की जाँच करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी भी तृतीय–पक्ष के हितों का पता लगाएँ और बोली जमा करने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं संतुष्ट हो लें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और संपत्ति से जुड़े अन्य सभी बकाया, यदि कोई हों, जैसे सभी वैधानिक बकाया, सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाकर चुकाए जाने चाहिए।
इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता (सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) पता– प्लॉट संख्या–68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा–122003। हेल्पलाइन नंबर–7291981124,25,26 सहायता ईमेल आईडी–Support@bankeauctions.com, **संपर्क व्यक्ति–धरणी पी, ईमेल आईडी–dharani.p@c1india.com संपर्क नंबर–9948182222** से लॉगिन आईडी और पासवर्ड, जो ई–बोली के लिए अनिवार्य है, पहले ही प्राप्त कर लेना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता तभी से ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। एनईएफटी/आरटीजीएस ''गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड–नीलामी आय खाता,'' बैंक–आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या–091551000028 और आईएफएससी कोड– ICIC0000915, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44, विमन नगर–411014 के खाते में किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से **07–07–2026** से पहले जमा करें और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और निःशुल्क यूज़र आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां ई–मेल पर अपलोड करवानी होंगी और स्व–सत्यापित हार्ड कॉपी पते पर भेजनी होगीः **पताः प्रथम तल, कोटक महिंद्रा बैंक के उपर, गांधी मार्ग (एमजी रोड), शुजालपुर, मध्य प्रदेश – 465333 मोबाइल नं.:– +91 8281138143 ई–मेल आईडी p.adith@grihumhousing.com नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया ई–नीलामी में भाग लेने के लिए https://www.bankeauctions.com और www.grihumhousing.com पर जाएँ।**

इस सूचना को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम–2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत ऋणी/सह–ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर को 15 (पंद्रह) दिन का नोटिस भी माना जाना चाहिए।
किसी भी मामले में यदि स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचार पत्र प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर है, तो फ्री प्रेस जर्नल में प्रकाशित अंग्रेजी समाचार पत्र भाषा की सामग्री मान्य होगी।

दिनांकः 20.06.2026 स्थानः शाजापुर (म.प्र.) हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड